कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

–:: कार्यालय–आदेश ::–

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–6/रावि/स्थानांतरण/2019 दिनांक–29.09.2019 द्वारा श्री गिर्राज गुप्ता व्याख्याता, राजनीति विज्ञान महात्मा गांधी राउमावि रेल्वे स्टेशन, दौसा का स्थानांतरण राउमावि मौलिया, लक्ष्मणगढ़, अलवर किया गया। श्री गिर्राज गुप्ता ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर में अपील संख्या 4678/2019 गिर्राज गुप्ता बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 4678/2019 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 18.12.2019 द्वारा अपीलार्थी श्री गिर्राज गुप्ता को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधि अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) द्वारा अभ्यावेदन प्राप्त होने पर निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय अधिकरण द्वारा प्रदत्त निर्णय के क्रम में अपीलार्थी श्री गिर्राज गुप्ता द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं की माताजी कैंसर रोग से पीड़ित होने, स्थानान्तरित स्थान 180 किमी दूर होने तथा पिता के कमर दर्द एवं घुटने दर्द से पीड़ित होने के आधार पर अपना पदस्थापन राउमावि सैंथल, दौसा/शहीद घनश्याम गुर्जर राउमावि खवारावजी, दौसा/राउमावि काबलेश्वर, दौसा के रिक्त पद की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

अपीलार्थी श्री गिर्राज गुप्ता द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन का गहनता से परीक्षण व मनन किया गया। अपीलार्थी स्वयं की माताजी कैंसर रोग से पीड़ित होने एवं प्रतिकूल पारीवारिक परिस्थितियों को देखते हुए इनका समायोजन राउमावि मौलिया, लक्ष्मणगढ़, अलवर से राउमावि सैंथल, दौसा (218069) व्याख्याता राजनीति विज्ञान के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित होवें।

17/01

(हिमांशु गुप्ता)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–6/अभ्यावेदन/स्थानांतरण/को.के/19–20 दिनांकः– 20/01/2020

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग ....।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा.............................।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा ....।
4. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर.......................................।
5. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
6. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
7. संबंधित प्राधानाचार्य/कार्मिक राउमावि. ....।
8. गार्ड पंजिका।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर